राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB), द्वारा आयोजित

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

## प्रैक्टिस पेपर

**8**

### भाग : (अ)
### सामान्य हिन्दी

**1. पित्रनुमति का संधि-विच्छेद होगा?**

(1) पित्र + अनुमति (2) पितृ + अनुमति

(3) पितर + अनुमति (4) पित: + अनुमति

**2. इनमें से कौन-सा शब्द 'विख्यात' का विलोम है?**

(1) ख्यात (2) आख्यात

(3) कुख्यात (4) प्रख्यात

**3. सन्धि से निर्मित सही शब्द नहीं है?**

(1) प्र + ऊढ = प्रोढ़

(2) चन्द्र + उदय = चन्द्रोदय

(3) महा + उत्सव महोत्सव

(4) समुद्र + ऊर्मि= समुद्रोर्मि

**4. शब्दगत उपसर्ग अथवा प्रत्यय से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है?**

(1) 'अभ्यर्थी' शब्द में 'अ' उपसर्ग है।

(2) 'पर्याप्त' शब्द में 'परि' उपसर्ग है।

(3) 'ग्रामीण' शब्द में 'ईन' प्रत्यय है।

(4) 'कौशल' शब्द में 'अ' प्रत्यय है।

**5. निम्नलिखित में देशज शब्द है?**

(1) ओखली (2) टोटका

(3) टेंटुवा (4) किवाड़

**6. किस वाक्य में विदेशी मूल के शब्द नहीं है?**

(1) इस प्रश्न का उत्तर मुझे मालूम है।

(2) उसने मुझे आवाज दी।

(3) कार-बस की टक्कर में अनेक लोग घायल हो गए।

(4) वह सदैव सच बोलता है।

**7. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य की पहचान कीजिए-**

(1) उसके चाचा को लड़की हुई है।

(2) मेरा नाम श्री आनंदकुमार जी है।

(3) आपका भवदीय।

(4) रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

**8. कार्यालयी पत्र में निम्नलिखित में से क्या नहीं लिखा जाता?**

(1) पत्र भेजने वाले अधिकारी के घर का नाम - पता

(2) स्वनिर्देश - भवदीय

(3) संदर्भ

(4) संबोधन महोदय / मान्यवर

**9. 'ज्ञापन' के लिए अंग्रेजी के किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?**

(1) Circular (2) Order

(3) Reminder (4) Memorandum

**10. Choose the English word for the given word. राजपत्रित अवकाश**

(1) Restricted holiday (2) Casual holiday

(3) National holiday (4) Gazetted holiday

**11. निम्नलिखित वाक्यों में विधानवाचक वाक्य है?**

(1) शगुन मेरी सहेली है।

(2) आप कहाँ जा रहे हैं।

(3) अनुष्का अपना कमरा साफ करो।

(4) अरे! यह क्या हो गया!

**12. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी युक्त शब्द है-**

(A) अथिति (B) ईर्ष्या

(C) आशीर्वाद (D) सामर्थ्य

(E) स्वस्थ्य

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(1) A, C और D (2) B, C और D

(3) C, D और E (4) B, D और E

**13. निम्नलिखित में से कौन 'नी' प्रत्यय युक्त शब्द है?**

(1) नीरोग (2) गैरकानूनी

(3) कतरनी (4) सपत्नी

**14. किस शब्द में दो प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है?**

(1) मानवता (2) विवशता

(3) सुन्दरता (4) मित्रता

**15. ''शीतोष्ण'' में समास है-**

(1) तत्पुरुष (2) कर्मधारय

(3) द्वंद्व (4) अव्ययीभाव

**16. 'जो पहले कभी न हुआ हो' वाक्य के लिए निम्न में से कौनसा शब्द सबसे उपयुक्त है?**

(1) अग्रिम (2) अज्ञेय

(3) अभूतपूर्व (4) अपरिमेय

**17. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I वाक्यांश | सूची-II एक शब्द |
|---|---|
| (A) किसी वस्तु का चौथा भाग | (i) चतुष्पद |
| (B) जिसकी चार भुजाएँ हैं | (ii) चतुर्दशी |
| (C) जिनके चार-चार पैर होते हैं | (iii) चतुर्थांश |
| (D) मास के किसी पक्ष की चौदहवीं तिथि | (iv) चतुर्भुज |

**कूट:-**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iv | iii | ii |
| (2) | iii | iv | ii | i |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iii | iv | i | ii |

**18. 'सरल' शब्द के लिए निम्नलिखित में से विलोम शब्द है-**

(A) सीधा (B) कुटिल

(C) वक्र (D) कठिन

(E) स्पष्ट

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(1) A, B और D (2) B, D और E

(3) B, C और E (4) B, C और D

**19. 'प्रतिघात' शब्द का विलोम शब्द है?**

(1) घात (2) आघात

(3) प्रत्याघात (4) घातक

**20. किस समास में प्रायः पूर्वपद संख्यावाचक होता है?**

(1) नञ समास (2) द्वन्द्व

(3) द्विगु (4) अव्ययीभाव

**21. निम्नलिखित में से किस शब्द में बहुव्रीहि समास नहीं है?**

(1) प्रत्यक्ष (2) पीताम्बर

(3) वीणापाणि (4) चन्द्रशेखर

**22. इनमें कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा है?**

(1) पेड़ (2) पुस्तक

(3) पढ़ाई (4) रजाई

**23. कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है?**

(1) हिमालय (2) गंगा

(3) पवित्रता (4) नदी

**24. कौनसा सर्वनाम प्रश्नवाचक है?**

(1) यह (2) वह

(3) किसने (4) इसने

**25. ''कर्ण <u>दानवीर</u> थे।'' इस वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित शब्द है?**

(1) भाववाचक संज्ञा (2) अव्यय

(3) विशेषण (4) सर्वनाम

**26. विपरीत अर्थ का बोध कराने वाले शब्द को कहते हैं?**

(1) पर्यायवाची शब्द (2) विलोम शब्द

(3) समानार्थक शब्द (4) एकार्थक शब्द

**27. असंगत विकल्प का चयन कीजिए-**

(1) यह आया और मैं गया - कारणार्थक क्रिया विशेषण

(2) वह बार-बार चीखता है। - कालवाचक क्रिया विशेषण

(3) राम ऊपर कमरे में है। - स्थानवाचक क्रिया विशेषण

(4) रमा तेज दौड़ती है। - रीतिवाचक क्रिया विशेषण

**28. किस वाक्य में क्रिया सकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है?**

(1) वह अभी तक सो रहा है।

(2) बच्चा बहुत देर से रो रहा है।

(3) धावक मैदान में दौड़ रहा है।

(4) वह पतंग उड़ा रहा है।

**29. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (शब्द) | सूची-II (पर्यायवाची) |
|---|---|
| (A) समुद्र | (i) शार्दूल |
| (B) सर्प | (ii) यातुधान |
| (C) असुर | (iii) पन्नग |
| (D) सिंह | (iv) अर्णव |

**कूट:-**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | i | ii | iii | iv |

30. 'बिंध गया सो मोती, रह गया सो सीप' लोकोक्ति का आशय है-

(1) कल्पना मात्र से तृप्ति नहीं होती

(2) काम अटकना

(3) किसी तरफ का न होना

(4) जो वस्तु काम में आ जाय वह अच्छी

## भाग : ( ब )
## सामान्य अंग्रेजी

31. **'Please talk to the person concerned'. In the above sentence, the word 'concerned' is-**

(1) an adverb (2) an adjective

(3) a verb (4) a noun

32. **............ , .......... and .......... are friends.**

(1) You, he, I (2) I, you, he

(3) I, you, him (4) You, him, I

33. **Choose the correct form/tense of the verb from the options below to fill in the blank:**
**The teacher said that oil _____ (float) on water.**

(1) had floated (2) floats

(3) float (4) floated

34. **Choose the correct form of Passive trans-formation of the sentence given :**
**The President gave him a reward.**

(1) A reward was given by him to the President.

(2) He was given by the President, the reward.

(3) He was given the reward by a President.

(4) He was given a reward by the President.

35. **Let the lights be switched on now.**
**Choose the correct active of the above sentence:**

(1) Switched on the lights then.

(2) Let switched on the lights now.

(3) Switch on the lights now.

(4) Switch be the lights now.

36. **Choose the correct indirect speech of the following from the given options:**
**He said, "She was dancing."**

(1) He said that she has been dancing.

(2) He said that she is dancing

(3) He said that she had been dancing.

(4) He said that she had danced.

37. **Rajesh is _____ better of the two for this job.**

(1) a (2) most

(3) the (4) more

38. **_____ rose in your garden are beautiful.**

(1) an (2) a

(3) no (4) the

39. **Choose the correct interrogative of the following sentence from the given options:**
**No one likes doing work.**

(1) Doesn't anyone like working?

(2) Who wouldn't like working?

(3) Does anyone like doing work?

(4) Does everyone never like doing work?

40. **सामाजिक कुरीतियों को हटाने के लिए सख्त कानूनों की जरूरत है?**

(1) Strict laws are required to eradicate social evils

(2) Strict laws always aim at eradicating social evils

(3) Liberal laws are required to eradicate social evils

(4) Complex laws always aim to eradicating social evils

41. **मेरा बड़ा भाई इंजीनियर बनना चाहता है-**

(1) My brother wants to be a big engineer

(2) My big brother wants to become an engineer

(3) My elder brother wants to become an engineer

(4) My elder brother is wanting to become an engineer

42. **'Disbursing Authority' के लिए सही पारिभाषिक शब्द है?**

(1) वितरण प्राधिकारी (2) संवितरण प्राधिकारी

(3) वितरण अधिकारी (4) संवितरण अधिकारी

43. **निम्नलिखित में से किस शब्द का Deputation से संबद्ध नहीं है?**

(1) प्रतिनियुक्ति (2) प्रतिनिधि-मण्डल

(3) शिष्ट मण्डल (4) अस्थायी-नियुक्ति

44. **Authority शब्द का सुसंगत पारिभाषिक शब्द नहीं है-**

(1) प्राधिकार (2) अधिकारी विद्वान

(3) लेखकीय अधिकार (4) प्राधिकरण

45. **The following Assertive sentence is changed into Interrogative:**
**Assertive: Blood is thicker than water. Choose the correct interrogative sentence.**

(1) Is not blood thicker than water?

(2) What is thicker than water?

(3) Is it possible that blood is thicker than water?

(4) Is blood thick or water

## भाग : ( स )
## सामान्य ज्ञान

**46. राजस्थान का उत्तर-दक्षिण विस्तार है?**
(1) 826 किमी. (2) 869 किमी.
(3) 970 किमी. (4) 1070 किमी.

**47. घोड़े की नाल की आकृति वाली रामगढ़ पहाड़ी राजस्थान में कहाँ स्थित है?**
(1) मुकन्दरा की पहाड़ियों में (2) शाहबाद उच्च भूमि में
(3) मध्य माही का मैदान (4) चम्बल बेसिन

**48. राजस्थान का कौनसा जिला औसत वार्षिक वर्षा की मात्रा सर्वाधिक प्राप्त करता है?**
(1) उदयपुर (2) सिरोही
(3) झालावाड (4) बाराँ

**49. 'अल्फीसोल्स मृदा' पायी जाती हैं?**
(1) जयपुर, दौसा, अलवर में (2) कोटा, बाराँ, बूँदी में
(3) सिराही, पाली में (4) जैसलमेर, बाड़मेर में

**50. राजस्थान में निम्न में से कौनसी नदी सदावाहिनी हैं?**
(1) कांतली (2) बाणगंगा
(3) घग्घर (4) चम्बल

**51. अशुद्ध युग्म है?**

| ( झील ) | | ( जिला ) |
|---|---|---|
| (1) गडीसर | - | जैसलमेर |
| (2) मांडलताल | - | भीलवाड़ा |
| (3) फॉय सागर | - | अजमेर |
| (4) तालाब शाही | - | बाराँ |

**52. सूची-I व सूची-II को सुमेलित करे तथा नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I ( बांध परियोजना ) | सूची-II ( अवस्थिति ) |
|---|---|
| (A) मेजा बांध | 1. बांसवाड़ा |
| (B) जाखम बांध | 2. प्रतापगढ़ |
| (C) जवाई बांध | 3. भीलवाड़ा |
| (D) माही बजाज सागर बांध | 4. पाली |

कूटः-

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (2) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (3) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (4) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**53. निम्नलिखित में से कौनसा ( पशु मेले और स्थान ) सही सुमेलित नहीं है?**
(1) मल्लीनाथ पशु मेला - तिलवाड़ा
(2) वीर तेजाजी पशु मेला - परबतसर
(3) जसवंत पशु मेला - करौली
(4) गोमती सागर पशु मेला - झालावाड़

**54. राजस्थान में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन निदेशालय की स्थापना किस वर्ष हुई?**
(1) 2010 (2) 2018
(3) 2019 (4) 2020

**55. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले में रेलवे की सुविधा नहीं है?**
(1) सिरोही (2) राजसमंद
(3) बाँसवाड़ा (4) हनुमानगढ़

**56. कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| ( हवाई अड्डा ) | | ( शहर ) |
|---|---|---|
| (1) महाराणा प्रताप हवाई अड्डा | - | उदयपुर |
| (2) नाल हवाई अड्डा | - | बीकानेर |
| (3) सूरतगढ़ हवाई अड्डा | - | जोधपुर |
| (4) कोटा हवाई अड्डा | - | कोटा |

**57. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I ( जिला ) | सूची-II ( जिले की कुल जनसंख्या में जनगणना ( प्रतिशत ) ) अनुसूचित जाति-2011 |
|---|---|
| (A) करौली | (1) 17.77 |
| (B) बीकानेर | (2) 21.87 |
| (C) भरतपुर | (3) 20.88 |
| (D) अलवर | (4) 24.31 |

कूट -

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (4) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**58. राजस्थान के संदर्भ में कौन-सा विकल्प सही सुमेलित है?**
(1) सबसे अधिक जनसंख्या वाला जिला - उदयपुर
(2) सबसे कम जनसंख्या वाला जिला - जयपुर
(3) सबसे कम साक्षरता दर वाला जिला - जालौर
(4) सबसे अधिक साक्षरता दर वाला जिला - जयपुर

59. राजपूताना एजेंसी की स्थापना ——— में और ——— में हुई थी?
(1) 1835 ई., नागौर (2) 1830 ई., जोधपुर
(3) 1829 ई., जयपुर (4) 1832 ई., अजमेर

60. अफीम से संबंधित रॉयल कमीशन निम्न में से किस वर्ष में राजस्थान आया था?
(1) 1893 (2) 1816
(3) 1856 (4) 1888

61. राजस्थान में भर्तृहरि का मेला कहाँ आयोजित होता है?
(1) अलवर (2) बूँदी
(3) सीकर (4) उदयपुर

62. 1857 की क्रांति के दौरान राजस्थान में ब्रिटिश छावनियाँ थीं?
(1) 5 (2) 6
(3) 8 (4) 3

63. किसने राजपूताना में जन चेतना जगाने के लिए 1927 में चरखा संघ की स्थापना की थी?
(1) कपूरचंद पाटनी (2) हीरालाल शास्त्री
(3) जमनालाल बजाज (4) अर्जुनलाल सेठी

64. निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान के एकीकरण के दौरान गठित डॉ. शंकर देव राय समिति के सदस्यों में शामिल था/थे?
(i) प्रभु दयाल (ii) डॉ. अभयसिंह
(iii) आर. के. सिद्धावा
कूटः-
(1) केवल (i) (2) केवल (ii)
(3) (i) एवं (iii) (4) (i), (ii) एवं (iii)

65. राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा निम्न मेलों और उत्सवों का आयोजन किया जाता हैं?
(1) मरु उत्सव [जैसलमेर]
(2) हाथी उत्सव [जयपुर]
(3) ऊँट उत्सव [बीकानेर]
(4) ग्रीष्म उत्सव [माउंट आबू]
कैलेण्डर वर्ष के अनुसार उनका तिथिक्रम है-
(1) (1), (3), (2), (4) (2) (2), (1), (3), (4)
(3) (3), (1), (4), (2) (4) (3), (1), (2), (4)

66. खड़ताल निम्न में से क्या है?
(1) नृत्य (2) राग
(3) वाद्ययंत्र (4) तालाब

67. सुमेलित कीजिए-
(a) चरी नृत्य (i) कालबेलिया
(b) रणबाजा नृत्य (ii) मेव
(c) शंकरिया नृत्य (iii) गुर्जर
(d) चकरी नृत्य (iv) कंजर
सही कूट चुनिए -
(1) (a)-iv,(b)-ii,(c)-i,(d)-iii
(2) (a)-iii,(b)-ii,(c)-i,(d)-iv
(3) (a)-i,(b)-ii,(c)-iii,(d)-iv
(4) (a)-ii,(b)-iii,(c)-i,(d)-iv

68. सुमेलित कीजिए-
(लोक देवता) (जन्म स्थान)
(1) गोगाजी (i) सांथू
(2) पाबूजी (ii) ददरेवा
(3) हड़बूजी (iii) कोलू
(4) फत्ताजी (iv) भूंडेल
कूट-
(1) 1-i, 2-ii, 3-iii, 4-iv (2) 1-ii, 2-iii, 3-iv, 4-i
(3) 1-iv, 2-ii, 3-iii, 4-i (4) 1-iii, 2-i, 3-ii, 4-iv

69. राजस्थान के किस जिले में पत्थरमार होली प्रसिद्ध है?
(1) भीलवाड़ा (2) ब्यावर
(3) सवाई माधोपुर (4) बाड़मेर

70. पोमचा क्या है?
(1) चित्रकला शैली (2) रंगाई की शैली
(3) पद्य शैली (4) बर्तन गढ़ने की शैली

71. 'भदर' का संबंध किससे है?
(1) कर्णवेध संस्कार (2) अन्त्येष्टि संस्कार
(3) विवाह संस्कार (4) समावर्तन संस्कार

72. चोल, निकोल, पट्टा, चोरसो ——— के विभिन्न नाम है?
(1) घाघरा (2) अंगरखा
(3) ओढ़नी (4) चोली

73. ओगनिया, अंगोटिया, सुरलिया, आभूषण पहने जाते हैं?
(1) सिर पर (2) कलाई पर
(3) कानों में (4) पैरों में

74. निम्न में से कौनसा विद्वान है, जो राजस्थानी भाषा-बोलियों से संबंधित कार्य के लिए नहीं जाने जाते है?
(1) नोम चोम्स्की (2) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन
(3) डॉ. मोतीलाल मेनारिया (4) डा. हीरालाल माहेश्वरी

75. भाँड, ढोली और मंगनियार राजस्थान के ............... हैं?
(1) पारंपरिक लोक संगीतकार (2) लोक कला
(3) धार्मिक समूह (4) खिलाड़ी

76. महान कवि सूर्यमल के बारे में निम्न में से कौन सा कथन गलत है?
(1) वंश भास्कर इनका प्रसिद्ध महाकाव्य है।
(2) इन्होंने बूंदी के इतिहास का वर्णन किया।
(3) इनकी कविता से बहादुरी की भावना का उदय होता है।
(4) वे मेवाड़ के निवासी थे।

77. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा, नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. दिलवाड़ा | (i) सीकर |
| b. नाथद्वारा | (ii) सिरोही |
| c. भीनमाल | (iii) राजसमंद |
| d. गणेश्वर | (iv) जालौर |

कूट:-
(1) a-(ii), b-(iii), c-(iv), d-(i)
(2) a-(ii), b-(iii), c-(i), d-(iv)
(3) a-(iii), b-(ii), c-(iv), d-(i)
(4) a-(ii), b-(iv), c-(iii), d-(i)

78. अकाल पड़ने पर राहत हेतु किये जाने वाले सरकारी कार्यों में निम्न में कौनसा शामिल है?
(1) भू-राजस्व वसूली का स्थगन व बिजली के बिल माफ करना
(2) किसानों के अल्पकालीन ऋणों को दीर्घकालीन ऋणों में परिवर्तित करना
(3) सस्ता चारा वितरण केन्द्र खोलना
(4) उपर्युक्त सभी

79. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि राज्य के राज्यपाल को राष्ट्रपति अपने अधिपत्र द्वारा नियुक्त करेगा?
(1) 153 (2) 163
(3) 157 (4) 155

80. निम्न में से कौन राजस्थान से संविधान सभा के सदस्य नहीं थे?
(1) हीरालाल शास्त्री (2) जे. बी. कृपलानी
(3) जय नारायण व्यास (4) वी.टी. कृष्णामाचारी

81. राजस्थान से अधिकतम चार बार राज्य सभा के लिए कौन निर्वाचित हुआ?
(1) गिरिजा व्यास (2) ज्ञान प्रकाश पिलानिया
(3) राम निवास मिर्धा (4) अशोक गहलोत

82. राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में निम्न में से किस युग्म ने सर्वाधिक बार शपथ ली है?
(1) भैरोंसिंह शेखावत एवं हीरालाल देवपुरा
(2) हरिदेव जोशी एवं भैरोंसिंह शेखावत
(3) शिवचरण माथुर एवं हरिदेव जोशी
(4) इनमें से कोई नहीं

83. निम्न में से राजस्थान राज्य के किस मुख्यमंत्री का कार्यकाल सबसे कम अवधि का रहा है?
(1) श्री जगन्नाथ पहाड़िया (2) श्री हरिदेव जोशी
(3) श्री हीरालाल देवपुरा (4) श्री बरकतुल्ला खाँ

84. एमएस-वर्ड 2010 में दस्तावेज़ को सेव करते समय कौन सा करेक्टर (Character) फ़ाइल नाम शामिल नहीं किया जा सकता है?
(1) स्पेस करेक्टर (2) अल्फ़ान्यूमेरिक करेक्टर
(3) डॉट करेक्टर (.) (4) प्रश्न चिह्न (?)

86. राजस्थान की संभागीय व्यवस्था के बारे में कौनसा कथन असत्य है?
(1) भरतपुर संभाग राजथान के कुल क्षेत्रफल का 5.2% भाग है।
(2) अजमेर में 4 जिले हैं तथा यह केन्द्रीय स्थिति वाला संभाग है।
(3) राजस्थान में किसी भी संभाग का क्षेत्रफल 1 लाख वर्ग किमी से ज्यादा नहीं है।
(4) राजस्थान में 4 जिले वाले संभागों की संख्या 4 है।

87. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 राज्य में कब अस्तित्व में आया?
(1) 23 अप्रैल, 1994 (2) 23 अप्रैल, 1995
(3) 24 अप्रैल, 1994 (4) 24 अप्रैल, 1995

88. डी.पी.टी. का टीका लगाया जाता है?
(a) धनुषवाय (b) कुकुरखाँसी
(c) गलघोटू बुखार (d) क्षय रोग
(E) पोलियो
(1) a, c एवं e (2) a, b एवं c
(3) b, d एवं e (4) c, d एवं e

89. अल्पविराम के आकार के जीवाणु कहलाते हैं?
(1) विब्रियो (2) स्पाइरिलम
(3) बेसिलाई (4) कोकाई

90. एड्स के उपचार में निम्न में से किस प्रकार की औषधियों का प्रयोग होता है?
(1) एण्टीबॉयोटिक (2) एण्टीरेट्रोवाइरल
(3) एण्टीबॉडीज (4) एण्टीसेप्टिक

91. मृगतृष्णा बनने का कारण है?
(1) प्रकाश का परावर्तन
(2) प्रकाश का विक्षेपण
(3) प्रकाश का पूर्ण आन्तरिक परावर्तन
(4) प्रकाश का विवर्तन

92. निम्नलिखित में से किस धातु का निष्कर्षण केवल विद्युत अपघटन के द्वारा किया जा सकता है?
(1) Al (2) Cu
(3) Ag (4) Au

93. निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
(1) 1KB=1024 Bytes (2) 1MB=2048 Bytes
(3) 1MB=1000 Kilobytes (4) 1KB=1000 Bytes

94. निम्न से एमएस वर्ड 2010 में फ़ॉन्ट शैली नहीं है?
(1) सेन्टर (Center) (2) बोल्ड (Bold)
(3) इटैलिक (Italics) (4) अंडरलाइन

95. पोर्ट्रेट और लैंडस्केप हैं:
(1) पेज ओरिएंटेशन (2) पेपर साइज
(3) पेज लेआउट (4) उपरोक्त सभी

## भाग : ( द )
## गणित

96. यदि संख्या 44, 56, 80, 92 में प्रत्येक को 4 से विभाजित करने पर प्राप्त औसत होगा?
(1) 68 (2) 15
(3) 17 (4) 16

97. 30 कर्मचारियों का औसत मासिक वेतन 650 रु. है। यदि मैनेजर का वेतन भी सम्मिलित कर दिया जाए तो औसत मासिक वेतन से 50 रु. की वृद्धि हो जाती है। मैनेजर का मासिक वेतन क्या हैं?
(1) 3200 रु. (2) 1500 रु.
(3) 700 रु. (4) 2200 रु.

98. हरि को एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 36 प्रतिशत अंक प्राप्त करने थे, उसने 24 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा 9 अंकों से अनुत्तीर्ण रहा। पूर्णांक ज्ञात करो?
(1) 100 (2) 90
(3) 75 (4) 80

99. यदि राम व मोहन के आय का अनुपात 10 : 11 हो तथा राम की आय मोहन की आय से 25 रु. कम हो तो राम की आय होगी?
(1) 250 रु. (2) 275 रु.
(3) 300 रु. (4) 325 रु.

100. एक स्कूल के छात्रों का अनुपात दूसरे स्कूल के छात्रों के साथ 3 : 5 है। यदि पहले स्कूल में 50 छात्र अधिक होते और दूसरे में 80 छात्र कम होते तो अनुपात 5 : 6 होता तो बताइये पहले स्कूल में कितने छात्र है?
(1) 300 छात्र (2) 450 छात्र
(3) 500 छात्र (4) 250 छात्र

101. एक वस्तु को 10% की हानि से बेचा गया यदि उसे 162 रुपये अधिक में बेचा जाता 8% का लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य होगा-
(1) 900 रु. (2) 500 रु.
(3) 700 रु. (4) 1000 रु.

102. संख्याओं 5, 7, 20 का चतुर्थानुपाती है?
(1) 2 (2) 28
(3) 32 (4) 13

103. 8 संतरे, 8 आम की कीमत 6 संतरे और 14 आमों के बराबर है एक संतरा तथा एक आम की कीमत में क्या अनुपात है?
(1) 3 : 1 (2) 2 : 3
(3) 4 : 3 (4) 3 : 4

104. रमेश ने कुछ धन लगाकर व्यापार आरम्भ किया। 6 माह बाद सुरेश भी उतना ही धन लगाकर साझेदार हो गया। वर्ष के अन्त में दोनों के लाभ के बँटवारे का अनुपात क्या होगा?
(1) 1 : 1 (2) 2 : 1
(3) 1 : 2 (4) कोई नहीं

105. कितने समय में $6\frac{1}{4}\%$ वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 72 रु. का मिश्रधन 81 रु. हो जायेगा?
(1) 2 वर्ष (2) 3 वर्ष
(3) 5 वर्ष (4) 4 वर्ष

106. $2^3, 3^2, 4$ तथा 15 का म. स. प. ज्ञात कीजिए-
(1) 1 (2) 6
(3) 24 (4) इनमें से कोई नहीं

107. अमर किसी कार्य के $\frac{1}{4}$ भाग को 3 दिन तथा शंकर उसी कार्य के $\frac{1}{4}$ भाग को 4 दिन में पूरा कर सकता है। यदि दोनों मिलकर कार्य को पूरा करें तो 1,800 रु. के मेहनताने में से अमर को कितनी राशि मिलेगी?

(1) 600 रु.
(2) 1000 रु.
(3) 1080 रु.
(4) 1200 रु.

108. 84 किमी./घण्टा की चाल से चल रही रेलगाड़ी 6 किमी.प्रति घण्टे की गति से विपरीत दिशा में दौड़ रहे व्यक्ति को 4 सैकण्ड में पार कर जाती है। रेलगाड़ी की लम्बाई कितने मीटर है?
(1) 100 मीटर
(2) 150 मीटर
(3) 80 मीटर
(4) 75 मीटर

109. एक रेलगाड़ी एक खम्भे को 15 सैकण्ड तथा 150 मीटर लम्बें प्लेटफार्म को 25 सैकण्ड में पार जाती है। गाड़ी की लम्बाई कितनी है?
(1) 425 मीटर
(2) 300 मीटर
(3) 210 मीटर
(4) 225 मीटर

110. दो संख्याओं का महत्तम समावर्तक 35 है और उनका लघुत्तम समावर्त्य 525 है। यदि उनमें एक संख्या 175 है, तो दूसरी संख्या है?
(1) 75
(2) 85
(3) 95
(4) 105

111. किसी मूलधन का ब्याज एक निश्चित दर पर निश्चित समय के लिये मूलधन का $\frac{16}{25}$ है तथा समयऔर दर का संख्यात्मक मान बराबर है तो दर और समय क्रमशः होगा?
(1) 12%, 12 वर्ष
(2) 10%, 10 वर्ष
(3) 7 वर्ष, 7%
(4) 8%, 8 वर्ष

112. यदि कोई धन 8 वर्ष में दुगुना हो जाता है तो 4 वर्ष में कितना हो जायेगा ?
(1) 1/4
(2) 3/4
(3) 2/3
(4) $1\frac{1}{2}$

113. राम तथा सीता की आयु का अनुपात 3 : 5 है। 9 वर्ष बाद इनकी आयु का अनुपात 3 : 4 हो जायेगा। सीता की वर्तमान आयु क्या है?
(1) 9 वर्ष
(2) 15 वर्ष
(3) 18 वर्ष
(4) 24 वर्ष

114. राधामोहन एक भैंस 20000 रु. में बेचता है। तथा इस पर उसे 20% की हानि होती है। तो भैंस का क्रय मूल्य ज्ञात करो-
(1) 40000 रु.
(2) 20000 रु.
(3) 80000 रु.
(4) 25000 रु.

115. 100 तक की सभी सम संख्याओं का औसत क्या होगा?
(1) 51
(2) 50
(3) 25
(4) 45.25

116. एक डकैत डाका डालकर 2 बजे रात को 75 किमी./घण्टा की चाल से एक कार चलाकर भागा। 3 बजे डाके का पता चलने पर पुलिस के द्वारा 90 किमी./घण्टा की चाल से पीछा किया गया। वह डकैत कब पकड़ा जा सकेगा?
(1) सुबह 5 बजे
(2) सुबह 8 बजे
(3) सुबह 7.30 बजे
(4) सुबह 8.20 बजे

117. A तथा B एक कार्य को 36 दिन में, B तथा C इसे 24 दिन में व A तथा C इसे 18 दिन में पूरा कर सकते हैं। तीनों मिलकर इस कार्य को कितने दिन में समाप्त कर सकेंगे ?
(1) 26 दिन
(2) 16 दिन
(3) 13 दिन
(4) 12 दिन

**प्रश्न संख्या 118 से 120 तक**

नीचे दी गई तालिका, एक कॉलेज के विभिन्न अनुशासनों में विद्यार्थियों के प्रतिशत और लड़कों तथा लड़कियों के अनुपात को दर्शाती है। (कुल विद्यार्थी = 2600)

| स्ट्रीम | CE | CS | IT | ME | EC |
|---|---|---|---|---|---|
| % विद्यार्थी | 20% | 18% | 21% | 22% | 19% |
| छात्रः छात्राएँ | 3 : 2 | 4 : 5 | 3 : 4 | 6 : 5 | 9 : 10 |

118. CS और IT में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का अनुपात क्या है?
(1) 9 : 11
(2) 12 : 13
(3) 6 : 7
(4) 11 : 13

119. कॉलेज में लड़कों और लड़कियों का अनुपात क्या है?
(1) 5 : 6
(2) 6 : 7
(3) 1 : 1
(4) 7 : 8

120. यदि विभिन्न अनुशासनों में अध्ययन कर रही लड़कियों की संख्या संबंधी आंकड़े वृत्त-आरेख ( पाई-चार्ट ) के रूप में दर्शाए गए हैं, तो ME अनुशासन में लड़कियों की संख्या दर्शाने वाले त्रिज्यखंण्ड ( सेक्टर ) का केन्द्रयी कोण क्या होगा?
(1) 68°
(2) 70°
(3) 72°
(4) 74°

# व्याख्यात्मक सहित हल

## भाग : ( अ ) : सामान्य हिन्दी

1. (2) **व्याख्या**:- पितृ+अनुमति = पित्रनुमति ⇒ यण् संधि
2. (3)
3. (1) **व्याख्या**:- प्र+ऊढ़ = प्रौढ़ ⇒ अपवाद
   • बाकी सभी गुण संधि के उदाहरण है।
4. (1) **व्याख्या**:- अभि+अर्थी = अभ्यर्थी
5. (3) **व्याख्या**:- 'टेंटुवा' देशज शब्द है।
   विकल्प दो में 'टोटका' तद्‌भव शब्द है जिसका तत्सम रूप 'त्राटक' है।
   **विकल्प (4)** में किवाड़ तद्‌भव शब्द है जिसका तत्सम रूप कपाट होगा।
   विकल्प (1) में ओखली तद्‌भव शब्द है जिसका तत्सम रूप उलूखल होगा।

**6.** (4) **7.** (4) **8.** (1) **9.** (4) **10.** (4)
**11.** (1) **12.** (2) **13.** (3)

14. (1) **व्याख्या**:- मानवता= मनु (मूल शब्द)+ अ (प्रत्यय)+ ता (प्रत्यय)
    विवशता= वि (उपसर्ग) + वश (मूल शब्द) + ता (प्रत्यय)
    मित्रता = मित्र (मूल शब्द) + ता (प्रत्यय)

**15.** (3) **16.** (3) **17.** (4) **18.** (4) **19.** (2)
**20.** (3) **21.** (1) **22.** (3) **23.** (4)

24. (3) **व्याख्या**:- यह (निश्चय वाचक सर्वनाम), वह (पुरुषवाचक सर्वनाम), किसने (प्रश्नवाचक सर्वनाम), इसने (निश्चयवाचक सर्वनाम) है।

**25.** (3) **26.** (2) **27.** (1)

28. (4) **व्याख्या**:- विकल्प (4) में 'पतंग' कर्म हैं अत: क्रिया सकर्मक हैं। शेष विकल्पों में कर्म की अनुपस्थिति के कारण क्रिया अकर्मक हैं।

**29.** (1) **30.** (4)

## भाग : ( ब ) : सामान्य अंग्रेजी

31. (2) **Exp.** : यहाँ पर concerned शब्द person को qualify कर रहा है। अत: यह adjective (विशेषण) है।
32. (1) **Exp.** : जब किसी वाक्य में तीनों persons का एकवचन में प्रयोग हो तो - 231 (II Person, III Person, I Person) क्रम होता है और यदि बहुवचन में हो तो क्रम 123 (I person, II person और III Person) होता है।
33. (2) **Exp.** : दिये गये sentence में universal truth (सार्वभौमिक सत्य) को बताया गया है, अत: यहाँ Present Indefinite Tense का प्रयोग होगा।
34. (4) **Exp.**: इस वाक्य में double object है-
    (i) him - indirect object
    (ii) a reward - direct object
    ऐसे वाक्य जिनमें दो object दिये गये हों, उनका passive voice किसी भी object को subject बनाकर बना सकते है। लेकिन प्रचलित नियम के अनुसार Indirect object को ही subject बनाते है तथा direct object को M.V. की III form के तुरन्त बाद रखते हैं।
35. (3) **Exp.**: दिया गया passive voice, Imperative sentence का passive voice है, किसी imperative sentence का passive strucuture होगा-
    Let + Obj + be + V3 + etc.
    * Imperative sentences में subject नहीं होता है।
36. (3) **Exp.**:- दिये गये प्रश्न में past continuous tense दिया गया है, जिसे past perfect continuous tense में बदला गया है।
37. (3) **Exp.**:- यदि Comparative Degree में तुलना के बदले Selection (चुनाव) का भाव हो तो than के स्थन पर of का प्रयोग होता है तथा ऐसे Comparative Degree के adjective से पहले 'the' article का प्रयोग होता है।
38. (4) **Exp.**:- वही rose जो garden में है, beautiful है, अत: विशेष के अर्थ में the का प्रयोग होगा।
39. (3) **Exp.** : Interrogative Transformation करते समय No one को anyone में बदल देते हैं।

**40.** (1) **41.** (3) **42.** (2) **43.** (4) **44.** (3)
**45.** (4)

## भाग : ( स ): सामान्य ज्ञान

46. (1)
47. (2) **व्याख्या**:- रामगढ़ वृत्ताकार पहाड़ी को रामगढ़ क्रेटर, रामगढ़ संरचना, रामगढ़ डोम और रामगढ़ एस्ट्रोब्लेम् आदि के रूप में भी जाना जाता है। रामगढ़ क्रेटर को रामगढ़ संरचना, रामगढ़ डोम और रामगढ़ एस्ट्रोब्लेम के रूप में भी जाना जाता है। यह राजस्थान में **बारां जिले के मांगरोल तहसील** में **रामगढ़ गाँव** में स्थित है।

**48.** (3) **49.** (1) **50.** (4) **51.** (4) **52.** (1)

53. (3) **व्याख्या:**- जसवंत पशु मेला भरतपुर में लगता है।

54. (3) 55. (3) 56. (3) 57. (1) 58. (3)
59. (4) 60. (1) 61. (1) 62. (2) 63. (3)
64. (3) 65. (4) 66. (3) 67. (2) 68. (2)
69. (4) 70. (2) 71. (2) 72. (3) 73. (3)
74. (1) 75. (1) 76. (4) 77. (1) 78. (4)
79. (4) 80. (2) 81. (3) 82. (2)

83. (3) **व्याख्या:**- हीरालाल देवपुरा मात्र 16 दिन (23.2.1985 से 10.3.1985) तक मुख्यमंत्री रहे।

84. (4) 86. (3) 87. (1) 88. (2) 89. (1)
90. (2) 91. (3) 92. (1) 93. (1) 94. (1)
95. (1)

## भाग : (द): गणित

96. **व्याख्या : (3)** दी गई संख्याओं का औसत

$= \frac{44+56+80+92}{4} = \frac{272}{4} = 68$

अतः प्रत्येक संख्याओं को 4 से भाग देने र प्राप्त औसत

$= \frac{68}{4} = 17$

97. **व्याख्या : (4)** 30 कर्मचारियों का कुल वेतन
$= 650 \times 30 = 19500$ रु.
31 कर्मचारियों का कुल वेतन$= 700 \times 31 = 21700$ रु.
अतः मैनेजर का मासिक वेतन $= 21700 - 19500$
$= 2200$ रु.

98. **व्याख्या : (3)** माना कि पूर्णांक $= 100$
उत्तीर्ण होने के लिए $= 36$ अंक
अंक प्राप्त किये $= 24$
अंतर $= 36 - 24 = 12$
जब अंतर 12 का है तो पूर्णांक है $\rightarrow 100$

$\therefore$ जब अंतर 9 का है तो पर्णांक है $\frac{100}{12} \times 9 = 75$

99. **व्याख्या: (1)** राम की आय $= \frac{\text{राम का अनुपात}}{\text{अनुपातों का अन्तर}} \times$ धन का अन्तर

$= \frac{10}{1} \times 25 = 250$ रु.

100. **व्याख्या : (1)** माना पहले व द्वितीय स्कूल में छात्रों की संख्या क्रमशः 3x व 5x है।

अतः $\frac{3x+50}{5x-80} = \frac{5}{6}$

$\Rightarrow 18x + 300 = 25x - 400$

$\Rightarrow 7x = 700 = \frac{700}{7} = 100$

पहले स्कूल में छात्रों की संख्या $= 3 \times 100 = 300$

101. **व्याख्या : (1)** वस्तु का क्रयमूल्य $= \frac{\text{अन्तर}}{\text{लाभ+हानि}} \times 100$

$= \frac{162}{18} \times 100 = 900$ रुपये

102. **व्याख्या : (2)** माना चतुर्थानुपाती $= x$

$\Rightarrow 5 : 7 :: 20 : x$

$\Rightarrow 5x = 7 \times 20$

$\Rightarrow x = 28$

103. **व्याख्या : (1)** माना एक संतरे की कीमत $= x$ रुपये
एवं एक आम की कीमत $= y$ रुपये
अत: $8x + 8y = 6x + 14y$
$\Rightarrow 2x = 6y$
$\Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{6}{2} = \frac{3}{1}$
अतः एक आम व एक संतरा $= 3 : 1$

104. **व्याख्या : (2)** रमेश : सुरेश
12 6
$\Rightarrow$ 2 : 1

105. **व्याख्या : (1)** समय $= \frac{\text{ब्याज} \times 100}{\text{मूलधन} \times \text{दर}}$

$= \frac{9 \times 100}{72 \times \frac{25}{4}}$ (ब्याज = मिश्रधन − मूलधन $81 - 72 = 9$)

$= \frac{9 \times 100 \times 4}{72 \times 25} = 2$ वर्ष

106. **व्याख्या:- (1)** $2^3, 3^2, 4, 15$ का म. स. प. = ?
**नोट:**- जब दी संख्याओं के अन्दर से कुछ भी उभयनिष्ठ (कोमन) नहीं आता है तो हमेशा म. स. प. = 1 होता है।
अतः अभीष्ट म. स. प. = 1 **Ans.**

107. **व्याख्या:- (4)** $\because$ 3 दिन में अमर किसी कार्य का $\frac{1}{4}$ भाग करता है।

$\therefore$ 1 दिन में अमर कितना कार्य करेगा $= \frac{1}{12}$ भाग

इसी प्रकार शंकर 1 दिन में कितना कार्य करेगा $= \frac{1}{24}$ भाग

अमर : शंकर

$\frac{1}{12}$ : $\frac{1}{24}$

$\Rightarrow \frac{2 : 1}{24}$

तथा कुल मेहनताना = 1800 रु.

∴ अमर को मेहनताना मिलता है $= \frac{2}{3} \times 1800$

= 1200 रुपये

**108. व्याख्याः-** (1) सापेक्ष चाल = 84 + 6 = 90 किमी./घण्टा

$= 90 \times \frac{5}{18} = 25$ मीटर/सैकण्ड

समय = 4 सैकण्ड

दूरी = चाल × समय

$= 25 \times 4 = 100$ मीटर

अतः रेलगाडी की लम्बाई = 100 मीटर

**109. व्याख्याः-** (4) चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$, माना रेलगाडी की लम्बाई = x मीटर

$\Rightarrow \frac{x}{15} = \frac{x+150}{25}$

$\Rightarrow 5x = 3x + 450$

$\Rightarrow 2x = 450$

$\Rightarrow x = 225$ मीटर

अतः रेलगाड़ी की लम्बाई 225 मीटर

**110. व्याख्या :** (4) अभीष्ट संख्या $= \frac{35 \times 525}{175} \times 105$

**111. व्याख्या :** (4) साधारण ब्याज $= \frac{\text{मू.} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

16/25× मूलधन $= \frac{\text{मू.} \times R \times R}{100} = 480$

$\frac{15}{25} = \frac{R^2}{100}$ या $R^2 = \frac{1600}{25}$ या $R = \sqrt{\frac{1600}{25}} = \frac{40}{5} = 8$

**112. व्याख्या :** (4) माना धन = 100, दर $= \frac{100}{8} = 12\frac{1}{2}$ %

है तो 4 वर्ष में धन होगा

$= 100 + \left(\frac{100 \times 4 \times 25}{100 \times 2}\right) = 100 + 50 = 150$ रू.

अर्थात् $= 1\frac{1}{2}$ या 3/2 हो जायेगा।

**113. व्याख्या :** (2) माना राम की आयु

= 3 x, सीता की आयु = 5 x

$= \frac{3x + 9}{5x + 9} = \frac{3}{4}$

अर्थात 4 ( 3 x + 9) = 3 (5 x + 9) अर्थात x = 3

∴ सीता की वर्तमान आयु = 5 x = 15 वर्ष।

**114. व्याख्या :** (4) भैंस का क्रय मूल्य $= 20000 \times \frac{100}{90}$

**115. व्याख्या :** (1) 100 तक की सम संख्या = 2, 4, 6, ....... 100

अतः औसत $= \frac{2+100}{2} = 51$

**116. व्याख्या :** (2) 1 घण्टे में डकैत द्वारा तय की गई दूरी = 75 किमी.

आपेक्षित चाल = 90 − 75 = 15 किमी./घण्टा

समय $\frac{75}{15} = 5$ घण्टे अतः वह 3+5 = 8 बजे सुबह पकड़ा जायेगा।

**117. व्याख्या :** (2) $(A+B)$ का एक दिन का काम $= \frac{1}{36}$ तथा $(B+C)$ का एक दिन का काम $= \frac{1}{24}$

$(A+C)$ का एक दिन का काम

$\Rightarrow ((A+B)+(B+C)+(C+A))$ का एक दिन काम

$= \left(\frac{1}{36} + \frac{1}{24} + \frac{1}{18}\right)$ तथा $2(A+B+C)$, का एक दिन का काम $= \frac{9}{72} = \frac{1}{8}$

$(A+B+C)$ का एक दिन का काम $= \frac{1}{16}$

अतः $(A+B+C)$ तीनों काम को 16 दिन में समाप्त करेंगे।

**118.** (3) 18 : 21

6 : 7

**119.** (3) लड़के → CE → $\frac{20}{5} \times 3 = 12$

CS → $\frac{18}{9} \times 4 = 8$

IT → $\frac{21}{7} \times 3 = 9$

ME → $\frac{22}{11} \times 6 = 12$

EE → $\frac{19}{19} \times 9 = 9$

कुल → लड़कें → 50,

लड़कियाँ → 50

औसत = 1 : 1

**120.** (3) कोण $= \frac{10}{50} \times 360° = 72°$

□□□